झीरम घाटी शहीद मेमोरियल

चर्चा में क्यों?

25 मई, 2022 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जगदलपुर के लालबाग मैदान में झीरम घाटी शहीद मेमोरियल का लोकार्पण किया और झीरम घाटी के शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने मेमोरियल परिसर में ही 100 फीट ऊँचे तिरंगे का भी ध्वजारोहण किया, जो शहीदों के सम्मान के रूप में सदैव लहराता रहेगा।
- झीरम घाटी में शहीद 32 लोगों की यादों को आम लोगों के दिलों में सदैव ज़िंदा रखने के लिये जगदलपुर के लागबाग मैदान में झीरम घाटी शहीद स्मारक का निर्माण किया गया है।
- गौरतलब है कि आज से ठीक 9 साल पहले 25 मई, 2013 को बस्तर के झीरम घाटी में हुए नक्सली हमले में कॉन्ग्रेस के वरिष्ठ नेताओं नंदकुमार पटेल, विद्याचरण शुक्ल, महेंद्र कर्मा, उदय मुदलियार, योगेंद्र शर्मा और पुलिस के जवानों सहित 32 लोग शहीद हो गए थे।
- झीरम घाटी में शहीद 32 जनप्रतिनिधियों एवं जवानों की मूर्तियाँ उनके नाम के साथ स्थापित की गई हैं, जो उनकी पहचान को सदैव जीवित रखेंगी।
- उल्लेखनीय है कि राज्य में शहीदों के बलिदान की स्मृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिये 25 मई को झीरम घाटी श्रद्धांजलि दिवस मनाया जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jheeram-valley-martyrs-memorial